2105

# बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार

32, हार्डिंग रोड, पटना-800001

फोन- 0612-2231563, फैक्स नं॰ : 2231562, http// : bsea.bihar.gov.in, Email: bseapatna@gmail.com

पटना/ दिनांक 01/04/2023

## अधिसूचना

संख्या-नि॰प्रा॰/नि॰ 1-49/2022--675-- बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार की अधिसूचना संख्या- 2236 दिनांक 08.12.2022 द्वारा अन्य समितियों के साथ **बेगूसराय जिला के शाम्हो अकहा कुरहा प्रखंड अंतर्गत शाम्हो अकहा कुरहा प्रखंड मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि॰** का निर्वाचन कार्यक्रम अधिसूचित किया गया था। अपरिहार्य कारणों से उक्त समिति का निर्वाचन कार्यक्रम प्राधिकार की अधिसूचना संख्या- 25 दिनांक 03.01.2023 द्वारा स्थगित किया गया था। प्राधिकार के आदेश संख्या- 541 दिनांक 15.03.2023 के आलोक में निर्वाचन कार्यक्रम नामांकन के स्तर से निम्नवत निर्धारित किया जाता है-

| | | |
|---|---|---|
| (i) | नामांकन की तिथि एवं समय | 10.04.2023 (सोमवार) एवं 11.04.2023 (मंगलवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (ii) | संवीक्षा की तिथि एवं समय | 12.04.2023 (बुधवार) एवं 13.04.2023 (गुरूवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iii) | अभ्यर्थिता वापसी/ प्रतीक आवंटन की तिथि | 15.04.2023 (शनिवार) 11 बजे पूर्वाह्न से 3 बजे अपराह्न तक |
| (iv) | मतदान, अगर आवश्यक हो | 25.04.2023 (मंगलवार) 7:00 बजे पूर्वाह्न से 4:30 बजे अपराह्न तक |
| (v) | मतगणना | 25.04.2023 (मंगलवार) (मतदान के तुरंत पश्चात्) |
| (vi) | निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति | 27.04.2023 (गुरूवार) |

2. जिन अभ्यर्थियों द्वारा अधिसूचना संख्या 2236 दिनांक 08.12.2022 के निर्वाचन कार्यक्रम के अनुसार नामांकन दायर किया गया है। उन्हें भी नामांकन दायर करना होगा, किंतु उन्हें नामांकन शुल्क जमा करने की आवश्यकता नहीं होगी। वे अपने नामांकन पत्र के साथ नामांकन शुल्क भुगतान की रसीद संलग्न करेंगे। नये सदस्य नामांकन दायर कर सकते है।

3. उक्त निर्वाचन कार्यक्रम के संबंध में **शाम्हो अकहा कुरहा प्रखंड स्तरीय मत्स्यजीवी सहयोग समिति लि॰** के मतदाताओं के बीच व्यापक प्रचार-प्रसार यथा माइकिंग, ढोल पिटवाकर एवं सरकारी भवनों पर इश्तेहार आदि चिपकाकर किया जाएगा। दिनांक 05.04.2023 तक इसका अनुपालन प्रतिवेदन निर्वाचन पदाधिकारी प्राधिकार को भेजना सनिश्चित करेंगे।

4. मतदान का समय 07:00 बजे पूर्वाह्न से 04:30 बजे अपराह्न तक होगा। निर्वाचन पदाधिकारी मतदान की तिथि को मतदान प्रतिशत एवं मतगणना की तिथि को प्रपत्र-ई 18 में निर्वाचित सदस्यों की सूची फैक्स (0612-2231562) तथा ई-मेल (bseapatna@gmail.com) द्वारा प्राधिकार को उपलब्ध कराने की व्यवस्था सुनिश्चित करेंगे।

5. निर्वाचन पदाधिकारी मतगणना के अगले दिन प्राधिकार के वेबसाईट पर http://bsea.bihar.gov.in प्रपत्र-ई 18 (निर्वाचित सदस्यों की सूची) अपलोड कराना सुनिश्चित करेंगे।

साथ ही मतगणना के तीन दिनों के भीतर निर्वाचन पदाधिकारी का हस्ताक्षर युक्त अंतिम मतदाता सूची (अद्यतनीकरण के पश्चात्) भी प्राधिकार के वेबसाईट पर अपलोड करायेंगे।

6. **बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार द्वारा निरूपित आदर्श आचार संहिता निर्वाचन प्रक्रिया की समाप्ति अर्थात् दिनांक 27.04.2023 तक लागू रहेगी। आदर्श आचार संहिता से संबंधित अनुदेश "सहकारी समितियों के निर्वाचन हेतु निर्वाचन पदाधिकारियों के लिए हस्तपुस्तिका" के पृष्ठ 122-129 पर देखा जा सकता है।**

7. अधिसूचना संख्या 2236 दिनांक 08.12.2022 की शेष बातें यथावत रहेंगी।

(पुरूषोत्तम पोसवान)
सचिव।

ज्ञापांक : 675 पटना/ दिनांक 01/04/2023

प्रतिलिपि : ई-गजट शाखा, वित्त विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि प्रकाशित अधिसूचना की 50 प्रतियाँ प्राधिकार को उपलब्ध कराने की कृपा की जाय।

सचिव।

ज्ञापांक : 675 पटना/ दिनांक 01/04/2023

प्रतिलिपि : प्रमंडलीय आयुक्त, मुंगेर/ जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), बेगूसराय/ उप विकास आयुक्त -सह- नोडल पदाधिकारी (स०स०), बेगूसराय/ पुलिस अधीक्षक, बेगूसराय/ अपर समाहर्त्ता, बेगूसराय/ जिला सहकारिता पदाधिकारी, बेगूसराय/ प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), शाम्हो अकहा कुरहा को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. जिला पदाधिकारी -सह- जिला निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), बेगूसराय से अनुरोध है कि वे इस चुनाव कार्यक्रम की प्रतियां अपने स्तर से भी ससमय प्रखंड विकास पदाधिकारी -सह- निर्वाचन पदाधिकारी (स०स०), शाम्हो अकहा कुरहा को उपलब्ध कराने के साथ ही व्यापक प्रचार-प्रसार की व्यवस्था सुनिश्चित करने हेतु निदेशित करेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 675 पटना/ दिनांक 01/04/2023

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, सामान्य प्रशासन विभाग, बिहार, पटना/ प्रधान सचिव, पशु एवं मत्स्य संसाधन विभाग, बिहार, पटना/ सचिव, सहकारिता विभाग, बिहार, पटना/ निबंधक, सहयोग समितियाँ, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

सचिव।

ज्ञापांक : 675 /पटना, दिनांक 01/04/2023

प्रतिलिपि: अपर मुख्य सचिव, गृह विभाग, बिहार, पटना/ पुलिस महानिदेशक, बिहार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित। उनसे अनुरोध है कि विधि-व्यवस्था बनाये रखने हेतु अपने स्तर से कृपया निदेश निर्गत करना चाहेंगे।

सचिव।

ज्ञापांक : 675 /पटना, दिनांक 01/04/2023

प्रतिलिपि: मुख्य चुनाव पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को कोषांग/ सचिव/ सभी प्रशाखा पदाधिकारी, बिहार राज्य निर्वाचन प्राधिकार, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

2. प्रशाखा पदाधिकारी (स्थापना) को इस निदेश के साथ प्रेषित कि निर्वाचन की तिथि को कंट्रोल रूम बनाने का आदेश निर्गत कराना सुनिश्चित करेंगे।

सचिव।